Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide allotted quantity of wheat to Churu district in Rajasthan under Food Security Scheme.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) ः राजस्थान प्रदेश में वऐन्र 2011 की जनगणना को आधार मानते हुए 69 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में व 53 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा का लाभ दिया जा रहा है, जो काफी कम है। मेरे जिले के लिए 68000 क्विंटल गेहूं का आवंटन किया जाना निर्धारित है, जबकि वास्तव में 48000 क्विंटल गेहूं ही दिया जा रहा है, जिससे राशन वितरण में भारी अनियमितता हो रही है। मेरा संसदीय क्षेत्र चुरू अकाल प्रभावित क्षेत्र है, जहां लगभग अकाल की स्थिति बनी रहती है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि राज्य सरकार को निर्देशित किया जाये कि सरकार द्वारा चुरू जिले को आवंटित 68000 क्विंटल गेहूं प्रदान करते हुए राज्य सरकार द्वारा चयनित बी.पी.एल. व अन्य पात्र सभी परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाये।